# कार्यालय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा – उत्तर प्रदेश (UP-TET) हेतु विज्ञापन

पत्रांक मा0शि0प0 / टी0ई0टी0 / सि0सेल / 6389 दिनांक 22 / 09 / 2011

सर्व साधारण के सूचनार्थ विज्ञाप्ति एवं प्रसारित किया जाता है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुक्रम में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना दिनांक 23–8–2010 द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों हेतु न्यूनतम अर्हता निर्धारित की गयी है। उक्त के अनुसार शिक्षक के रूप में नियुक्ति हेतु न्यूनतम निर्धारित शैक्षिक अर्हता के साथ–साथ राज्य सरकार द्वारा आयोजित "शिक्षक पात्रता परीक्षा" (TET) उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। शासनादेश संख्या –1828 / 15–11–2011 दिनांक 07 सितम्बर, 2011 के द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, इलाहाबाद को उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा को आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

इस परीक्षा में आवेदन करने हेतु इच्छुक परीक्षार्थियों को परिषद द्वारा निर्धारित ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र भरना होगा जिसे नियत शुल्क नकद जमा करने पर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के पंजाब नेशनल बैंक की निर्धारित शाखाओं से प्राप्त किया जा सकता है।

**1–शिक्षक पात्रता परीक्षा–उत्तर प्रदेश (UP-TET) हेतु अधिकार क्षेत्र(Applicability )–**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा–उत्तर प्रदेश(UP-TET) में अपेक्षित न्यूनतम प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थी निम्नलिखित विद्यालयों में नियुक्ति हेतु पात्र होंगे–

**1.1 –प्राथमिक स्तर –**

- (i) ऐसे सभी विद्यालय, जो राज्य सरकार के अधीन हों।
- (ii) जिन्हें राज्य सरकार / बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा समय–समय पर मान्यता / सम्बद्धता प्रदान की गयी हो।
- (iii) जो राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त हो।
- (iv) ऐसे समस्त विद्यालय जो किसी भी राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध हों, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया हो।

**1.2 –उच्च प्राथमिक स्तर –**

- (i) ऐसे सभी विद्यालय, जो राज्य सरकार के अधीन संचालित हों।
- (ii) जिन्हें राज्य सरकार / बेसिक शिक्षा परिषद / माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा समय–समय पर मान्यता / सम्बद्धता प्रदान की गयी हो।
- (iii) राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त हो।
- (iv) ऐसे समस्त विद्यालय जिन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, चाहे वह किसी भी राष्ट्रीय बोर्ड से सम्बद्ध हों।

## 2— परीक्षा—भाुल्क एवं आवेदन पत्र की प्राप्ति

शिक्षक पात्रता परीक्षा—उत्तर प्रदेश (UP-TET) हेतु सामान्य/पिछ्डा वर्ग की जाति के अभ्यर्थियों हेतु भाुल्क रू0 500/— प्रति अभ्यर्थी तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु भाुल्क रू0 250/— प्रति अभ्यर्थी होगा। विकलांग अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का भाुल्क इस परीक्षा हेतु नहीं लिया जायेगा। परीक्षा शुल्क की धनराशि आवेदन पत्र के मूल्य में सम्मिलित होगी। पंजाब नेशनल बैंक की जनपद मुख्यालय स्थित शाखा से आवेदन पत्र एवं निर्देश पुस्तिका निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त की जा सकेगी। विकलांग अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र एवं निर्देश पुस्तिका जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है। उक्त निर्देश पुस्तिका पर निःभाुल्क (केवल विकलांगों के लिये) अंकित होगा।

## 3— आवेदन पत्र को प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि—

(क) पंजाब नेशनल बैंक की निर्धारित भााखाओं से आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि दिनांक 26—09—2011 से ।

(ख) रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से पूरित आवेदन पत्रों को सम्बन्धित मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 18—10.—2011सायं 5—00 बजे तक ।

उपर्युक्त निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**4—परीक्षा की तिथि**

| परीक्षा की तिथि | प्रश्न पत्र | परीक्षा का समय | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|
| 13—11—2011 | (1)प्रश्नपत्र—(प्राथमिक स्तर) (कक्षा—1 से 5) | 10—30 से 12—00 बजे तक | 01घाण्टा 30 मिनट |
| 13—11—2011 | (2)प्रश्नपत्र—(उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा—6 से 8) | 2—00 से 3—30 बजे तक | 01घाण्टा 30 मिनट |

## 5— शिक्षक पात्रता परीक्षा—उत्तर प्रदेश (UP-TET) हेतु अर्हता—

1. न्यूनतम अर्हताएं :

(1) कक्षा I से V

स्नातक तथा प्रारम्भिक शिक्षा में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त तथा राज्य सरकार से सम्बद्धता प्राप्त संस्था से द्विवर्षीय बी0टी0सी0/सी0टी0(नर्सरी)/ एन0टी0टी0

अथवा

स्नातक तथा उत्तर प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त विशिष्ट बी0टी0सी0 प्रशिक्षण

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक और बी0एड0 अर्हता अथवा इस संबंध में समय–समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड और कियाविधि) विनियमों के अनुसार न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक तथा एक वर्षीय स्नातक (बी0एड0)/डी0एड0(विशेष शिक्षा)/बी0एड0 (विशेष शिक्षा) उत्तीर्ण किया हो जनवरी, 2012 तक कक्षा 1 से 5 तक के लिए नियुक्त किये जाने का पात्र होगा बशर्ते कि नियुक्ति के बाद वह प्रारम्भिक शिक्षा शास्त्र में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्रदत्त 6 माह का विशेष कार्यकम पूरा कर ले।

अथवा

स्नातक तथा दिनांक 11–8–97 के पूर्व के मोअल्लिम–ए–उर्दू उपाधिधारक (उर्दू शिक्षक हेतु)

अथवा

स्नातक तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय से डिप्लोमा इन टीचिंग उपाधिधारक (उर्दू शिक्षक हेतु)

**(2) कक्षा VI से V III**

स्नातक तथा प्रारम्भिक शिक्षा में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त तथा उत्तर प्रदेश सरकार से सम्बद्धता प्राप्त संस्था से द्विवर्षीय बी0टी0सी0/सी0टी0(नर्सरी)/ एन0टी0टी0

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक एवं एक वर्षीय बी0एड0

अथवा

न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक एवं एक वर्षीय बी0एड0 जो इस संबंध में समय–समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड तथा कियाविधि) विनियमों के अनुसार प्राप्त किया गया हो।

अथवा

न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक तथा एक वर्षीय बी0एड0(विशेष शिक्षा)

**आरक्षण नीति** – आरक्षित श्रेणियों यथा–अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांगों/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/भूतपूर्व सैनिक आदि के अभ्यर्थियों को अर्हक अंकों में 05 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

**आवश्यक नोटः पंजाब नेशनल बैंक की उत्तर प्रदेश की निर्धारित शाखाओं द्वारा जो विवरण पुस्तिका व आवेदन पत्र दिनांकः 26 सितम्बर 2011 से अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं उनमें उल्लिखित अर्हताओं को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् की नवीनतम अधिसूचना के अनुसार शासनादेश संख्याः 2029/15–11–2011 दिनांकः 24 सितम्बर 2011 द्वारा उर्पयुक्तानुसार संशोधित कर दिया गया है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी इस विज्ञप्ति में प्रकाशित न्यूनतम अर्हताओं के आधार पर आवेदन करेंगें।**

## 6— परीक्षा का स्वरूप —

शिक्षण पात्रता परीक्षा — उत्तर प्रदेश (UP-TET) के दो स्तर होंगे—

- प्राथमिक स्तर (कक्षा 1—5)
- उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6—8)

अभ्यर्थी एक समय में किसी एक परीक्षा मे या दोनो परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकता है। दोनों स्तर की परीक्षाएं एक ही दिन दो पालियों में आयोजित की जायेगी। यदि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक दोनों स्तर की परीक्षाओं में सम्मिलित होना चाहता है, तो इसके लिये उसे पृथक—पृथक दो आवेदन पत्र प्रेषित करने होंगे।

(i) परीक्षा की अवधि डेढ़ घण्टा अर्थात कुल 90 मिनट होगी।

(ii) कुल 150 प्रश्न होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होगें। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे।

(iii) प्रत्येक प्रश्न का पूर्णांक 01 होगा।

(iv) नकारात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) नहीं होगा।

(v) प्रश्न पत्र में प्रश्न क्रमशः हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे।

(vi) पाठ्यक्रम का विस्तृत विवरण निर्देश पुस्तिका में दिया गया है।

## 7— शिक्षक पात्रता परीक्षा—उत्तर प्रदेश (UP-TET) हेतु न्यूनतम उत्तीर्णांक—

(i) **शिक्षक पात्रता परीक्षा—उत्तर प्रदेश (UP-TET) में सफल अभ्यर्थी वो होंगे जिन्होंने पात्रता परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हो।**

(ii) **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा विकलांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम उत्तीर्णांक 55 प्रतिशत होगा।**

शिक्षक पात्रता परीक्षा—उत्तर प्रदेश (UP-TET) उत्तीर्ण अभ्यर्थी का नियुक्ति/चयन में कोई दावा/अधिकार नहीं होगा क्योंकि यह परीक्षा नियुक्ति/चयन हेतु निर्धारित अर्हताओं में से मात्र एक अनिवार्य अर्हता होगी। **शिक्षकों की नियुक्ति/चयन राज्य सरकार की संगत अध्यापक सेवा नियमावलियों तथा समय—समय पर जारी नियम—निर्देशों के अन्तर्गत ही किया जायेगा।**

## 8— प्रमाण पत्र की वैधता —

(i) परीक्षा संस्था द्वारा उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने पर इस आशय का प्रमाण पत्र संबंधित अभ्यर्थी को निर्गत किया जाएगा।

(ii) यह पात्रता प्रमाण पत्र 05 वर्षो के लिये वैध माना जायेगा।

## 9– प्रवेश पत्र का प्रेशण–

परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से अभ्यर्थियों के पते पर भेजे जायेंगे। इसके साथ ही परीक्षा से 15 दिन पूर्व सभी प्रवेश पत्र परीक्षा से सम्बन्धित वेबसाइट (Website) **www.uptet2011.com** पर अपलोड कर दिये जायेंगे, जिन्हें अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड कर सकते है।

## 10– परीक्षा का आयोजन–

'शिक्षक पात्रता परीक्षा–उत्तर प्रदेश (UP-TET) मण्डल मुख्यालय के जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं देख–रेख में मण्डल मुख्यालयों पर 13–नवम्बर, 2011 को आयोजित कराई जायेगी।

## 11– परीक्षाफल –

उत्तर पुस्तिकाओं की सावधानीपूर्वक जांच के उपरान्त ''परीक्षा संस्था'' द्वारा परीक्षा सम्पन्न होने के शीघ्र बाद परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा। परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर तथा समाचार पत्रों के माध्यम से भी उपलब्ध कराया जा सकता है।

उत्तीर्ण परीक्षार्थी परीक्षाफल घोषित होने के एक माह के अन्दर अपनी परीक्षा के प्रवेश पत्र की मूल प्रति तथा फोटो पहचान पत्र दिखाकर प्रमाणपत्र मण्डल मुख्यालय के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त कर सकता है।

**मण्डल/जनपदवार आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं के नाम व पते**

| क्रम | मण्डल | पंजाब नेशनल बैंक की शाखा जहॉ आवेदन पत्र प्राप्त किये जा सकते हैं | जनपद | जनपद का कोड नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेरठ | 1– सिविल लाइन्स साकेत<br>2– बेगमब्रिज मेरठ सिटी<br>3– डी0ए0वी0 शास्त्रीनगर मेरठ | मेरठ | 001 |
| 2 | | 1– कविनगर गाजियाबाद<br>2– इन्दिरापुरम गाजियाबाद | गाजियाबाद | 002 |
| 3 | | 1– सेक्टर 18 नोएडा | गौतमबुद्ध नगर | 003 |
| 4 | | 1– सिविल लाइन्स बुलन्दशहर | बुलन्दशहर | 004 |
| 5 | | 1–रामाला सहकारी चीनी मिल्स रामाला बागपत<br>2– बड़ौत बागपत | बागपत | 005 |
| 6 | सहारनपुर | 1– सिविल लाइन्स सहारनपुर | सहारनपुर | 006 |
| 7 | | 1– न्यू मण्डी मुजफ्फरनगर | मुजफ्फरनगर | 007 |
| 8 | आगरा | 1– शाहजादी मण्डी आगरा<br>2– 44/2 संजय कॉम्पलेक्स, आगरा<br>3– डी–526, कमला नगर, आगरा | आगरा | 008 |
| 9 | | 1– सी–80 राधानगर कृष्ण नगर मथुरा | मथुरा | 009 |
| 10 | | 1– फिरोजाबाद | फिरोजाबाद | 010 |
| 11 | | 1– क्लबघर मो0 चपाती मैनपुरी | मैनपुरी | 011 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | अलीगढ़ | 1— रेलवे रोड अलीगढ़ | अलीगढ़ | 012 |
| 13 | | 1— मधुगढी, मुरसान गेट, हाथरस | हाथरस | 013 |
| 14 | | 1— लक्ष्मीगंज, कासगंज, कांशीरामनगर | काशीरामनगर | 014 |
| 15 | | 1— जी0टी0 रोड एटा | एटा | 015 |
| 16 | मुरादाबाद | 1— सिविल लाइन्स मुरादाबाद | मुरादाबाद | 016 |
| 17 | | 2— सिविल लाइन्स रामपुर | रामपुर | 017 |
| 18 | | 1— सिविल लाइन्स बिजनौर | बिजनौर | 018 |
| 19 | | 1— अमरोहा ज्योतिबाफूलेनगर | ज्योतिबाफूले नगर | 019 |
| 20 | बरेली | 1— राजेन्द्र नगर बरेली | बरेली | 020 |
| 21 | | 1— सराफा बाजार बदायूँ | बदायूँ | 021 |
| 22 | | 1— मोती चौक शाहजहापुर | शाहजहापुर | 022 |
| 23 | | 1— गीतामंदिर रोड पीलीभीत | पीलीभीत | 023 |
| 24 | लखनऊ | 1— आलमबाग लखनऊ<br>2— हजरतगंज, लखनऊ<br>3— कपूरथला कासिंग अलीगंज लखनऊ | लखनऊ | 024 |
| 25 | | 1— उन्नाव | उन्नाव | 025 |
| 26 | | 1— चौहान मार्केट रायबरेली | रायबरेली | 026 |
| 27 | | 1— ग्रीकगंज सीतापुर | सीतापुर | 027 |
| 28 | | 1— एम0जी0 मार्ग, हरदोई | हरदोई | 028 |
| 29 | | 1— स्टेशन रोड लखीमपुर खीरी | लखीमपुर खीरी | 029 |
| 30 | फैजाबाद | 1— साहिबगंज, सिविल लाइन्स, फैजाबाद | फैजाबाद | 030 |
| 31 | | 1—अकबरपुर डि0 अम्बेडकरनगर | अम्बेडकर नगर | 031 |
| 32 | | 1— म्यूनिस्पल मार्केट नाका सरीख बाराबंकी | बाराबंकी | 032 |
| 33 | | 1— सुल्तानपुर | सुल्तानुपर | 033 |
| 34 | | 1— गौरीगंज | छत्रपति शाहूजी महाराजनगर | 034 |
| 35 | देवीपाटन | 1— मेन नियर बस स्टेशन गोण्डा | गोण्डा | 035 |
| 36 | | 1— हीरा सिंह मार्केट बहराइच | बहराइच | 036 |
| 37 | | 1— भिनगा श्रावस्ती | श्रावस्ती | 037 |
| 38 | | 1— तुलसीपुर रोड बलरामपुर | बलरामपुर | 038 |
| 39 | गोरखपुर | 1— बैंक रोड, गोरखपुर | गोरखपुर | 039 |
| 40 | | 1— मेन मार्केट, पी0ओ0 महाराजगंज | महाराजगंज | 040 |
| 41 | | 1— स्टेशन रोड देवरिया | देवरिया | 041 |
| 42 | | 1— सुभाष चौक, पडरौना | कुशीनगर | 042 |
| 43 | बस्ती | 1— गांधी नगर बस्ती | बस्ती | 043 |
| 44 | | 1— सिद्धार्थ नगर | सिद्धार्थनगर | 044 |
| 45 | | 1— खलीलाबाद संतकबीर नगर | संतकबीर नगर | 045 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 46 | आजमगढ़ | 1— आजमगढ़ | आजमगढ़ | 046 |
| 47 | | 1—मऊनाथ भन्जन | मऊ | 047 |
| 48 | | 1— स्टेशन रोड पो0आ0टाउन हॉल बलिया | बलिया | 048 |
| 49 | वाराणसी | 1— महमूरगंज, वाराणसी<br>2— सी—21 / 1—35,लाजपतनगर मलदहिया | वाराणसी | 049 |
| 50 | | 1—जी0टी0रोड, चन्दौली | चन्दौली | 050 |
| 51 | | 1— केसरी बाजार,साहीपुर, जौनपुर | जौनपुर | 051 |
| 52 | | 1— विसेशवरगंज, गाजीपुर | गाजीपुर | 052 |
| 53 | मिर्जापुर | 1— मिर्जापुर | मिर्जापुर | 053 |
| 54 | | राबर्टसगंज, सोनभद्र | सोनभद्र | 054 |
| 55 | | स्टेशन रोड भदोही | भदोही | 055 |
| 56 | इलाहाबाद | 1— सिविल लाइन्स इलाहाबाद<br>2— अलोपीबाग, इलाहाबाद | इलाहाबाद | 056 |
| 57 | | 1— मंझनपुर डि कौशाम्बी | कौशाम्बी | 057 |
| 58 | | 1— फतेहपुर | फतेहपुर | 058 |
| 59 | | 1— 77 /2 स्टेशन रोड, बाबागंज,प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ | 059 |
| 60 | कानपुर | 1— 3ए /8 आजाद नगर, कानपुर<br>2— 117 /एच—2 / 168, पाण्डुनगर कानपुर<br>3— 59 /29, पी एन बी हाउस, बिरहाना रोड | कानपुर नगर | 060 |
| 61 | | 1— बासी निवादा, बनीपाड़ा महाराज डि0 का0दे0 | रमाबाई नगर (कानपुर देहात) | 061 |
| 62 | | 1—साबितगंज, इटावा | इटावा | 062 |
| 63 | | 1— परिहार टोला, औरैया | औरैया | 063 |
| 64 | | 1— फर्रूखाबाद | फर्रूखाबाद | 064 |
| 65 | | 1—कैलाश कुज अशोक नगर सरायमीरा, कन्नौज | कन्नौज | 065 |
| 66 | झांसी | 1— माणिक चौक, झांसी | झांसी | 066 |
| 67 | | 1— निकट तुबान मंदिर ललितपुर | ललितपुर | 067 |
| 68 | | 1— स्टेशन रोड उरई | जालौन | 068 |
| 69 | चित्रकूट | 1— छावनी बॉदा | बॉदा | 069 |
| 70 | | 1— हमीरपुर | हमीरपुर | 070 |
| 71 | | 1— करबी, चित्रकूट | चित्रकूट | 071 |
| 72 | | 1— गॉधीनगर महोबा | महोबा | 072 |

| पूरित आवेदन पत्र निम्नलिखित पतों पर अभ्यर्थियों द्वारा रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से प्रेषित किये जायेगे। | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम | पता | मण्डल | कोड |
| 1 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मेरठ | मेरठ मण्डल के लिये | 01 |
| 2 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, सहारनपुर | सहारनपुर मण्डल के लिये | 02 |
| 3 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, आगरा | आगरा मण्डल के लिये | 03 |
| 4 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, अलीगढ़ | अलीगढ़ मण्डल के लिये | 04 |
| 5 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मुरादाबाद | मुरादाबाद मण्डल के लिये | 05 |
| 6 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, बरेली | बरेली मण्डल के लिये | 06 |
| 7 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ | लखनऊ मण्डल के लिये | 07 |
| 8 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, फैजाबाद | फैजाबाद मण्डल के लिये | 08 |
| 9 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, फैजाबाद | देवीपाटन मण्डल के लिये | 09 |
| 10 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, गोरखपुर | गोरखपुर मण्डल के लिये | 10 |
| 11 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, बस्ती | बस्ती मण्डल के लिये | 11 |
| 12 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, आजमगढ़ | आजमगढ़ मण्डल के लिये | 12 |
| 13 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, वाराणसी | वाराणसी मण्डल के लिये | 13 |
| 14 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मिर्जापुर | मिर्जापुर मण्डल के लिये | 14 |
| 15 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, इलाहाबाद | इलाहाबाद मण्डल के लिये | 15 |
| 16 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर | कानपुर मण्डल के लिये | 16 |
| 17 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, झांसी | झांसी मण्डल के लिये | 17 |
| 18 | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, झांसी | चित्रकूट मण्डल के लिये | 18 |

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद,उ0प्र0
इलाहाबाद।